हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार 5 अप्रैल 2026


तापमान
अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री



14 शहीदी स्मारक में चल रहे लंबित कार्यों का सूचना, जन संपर्क एवं...


14 सरकारी स्कूलों में अब ए फॉर एप्पल नहीं बल्कि पढ़ाया जाएगा...


## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार की मौत

**यमुनानगर।** रादौर स्थित जिओ पेट्रोल पंप के पास देर शाम कार की टक्कर लगने से इलेक्ट्रिक स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव बन निवासी परमजीत कौर ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका पति दलजीत सिंह शुक्रवार शाम को अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर सवार होकर रादौर किसी काम से आया था।

### पुलिस ने कातिलाना हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने हथवाला गांव में रिंकू पर पिस्तौल से गोली चला जानलेवा हमला और मारपीट करने के आरोपी राहुल को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार फूल कुमार ने बताया कि रिंकू की शिकायत पर राहुल व उसके साथियों पर थाना समालखा में केस दर्ज है। वहीं, आरोपी राहुल व रिंकू, गांव हथवाला के नीरज हत्याकांड में उम्रकैद के सजायाफ्ता है और दोनों जमानत पर जेल से रिहा हुए थे।

### रोहतक से बाइक चोर पकड़ा

**पानीपत।** थाना मॉडल टाउन की आठ मरला चौकी पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी सुनील निवासी गांव डंडेरी जिला हिसार हाल निवासी गांव बालंद जिला रोहतक को इसी जिला के गांव बालंद को गिरफ्तार किया है। वहीं, एएसआई सुनील ने बताया कि चोरी की उपरोक्त केस में थाना मॉडल टाउन पुलिस ने अनिल पुत्र महावीर निवासी गांव महराना जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज कर रखा है।

### किसान हितैषी है भावांतर योजना

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जिले के किसान बागवानी विभाग की सहायता से अपनी आय में निरंतर इजाफा कर रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार ने भावांतर भरपाई योजना के तहत बागवानी की 11 प्रमुख फसलों के मूल्यों में बढ़ोतरी की है, जिससे किसानों को और अधिक लाभ मिलने की संभावना है। वहीं, प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य जिले के हर किसान को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना और उन्हें स्थायी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### हसराना मंडी की हालत खस्ता

**पानीपत।** पानीपत जिले के इसराना अनाज मंडी में सड़कों के नवीनीकरण कार्य में अनियमितताओं और खराब पड़े ट्यूबवेल को लेकर शिकायत दर्ज की गई है। अनाज मंडी संगठन ने मुख्यमंत्री और पानीपत के उपायुक्त को संबोधित ज्ञापन मार्केट कमेटी इसराना के सचिव को सौंपा है, जिसमें मामले की जांच की मांग की गई है।

## केयू के 35वें दीक्षांत समारोह में करीब 3000 विद्यार्थियों को पीएच.डी. यूजी व पीजी की डिग्री देकर किया सम्मानित

# विकसित भारत के विकास में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. असीम घोष

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति शील नागू ने भी दीक्षांत समारोह में की शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्यपाल और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से पीएच.डी, यूजी, पीजी की डिग्री हासिल करने के बाद अब युवा पीढ़ी अपने अगले लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ेगी। यह युवा पीढ़ी नवाचार, उद्यमिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करके भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका अदा करेगी। इस देश की युवा पीढ़ी को विकसित राष्ट्र को एक राष्ट्रीय मिशन समझकर आगे बढ़ना होगा। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में 35वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के अनुमोदन पर सर्वोच्च न्यायालय, भारत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल को विश्वविद्यालय की तरफ से डॉक्टर ऑफ लॉ में मानद उपाधि देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में अलग-अलग विषयों में पीएच.डी के 112 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान दी और 89 विद्यार्थियों को अपनी-अपनी कक्षाओं में टॉप करने पर गोल्ड मेडल और प्रमाण देकर सम्मानित किया। इस दीक्षांत समारोह में पीएच.डी सहित पीजी और यूजी के करीब 3000 विद्यार्थियों को डिग्री देकर सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में दीक्षांत समारोह की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता, न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी, न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश भारद्वाज, न्यायाधीश न्यायमूर्ति अलका सरीन को सर्टिफिकेट ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने विद्यार्थियों से नवाचार, उद्यमिता और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। आज का दीक्षांत समारोह केवल शिक्षा की यात्रा का समापन नहीं बल्कि एक नई जिम्मेदारी की शुरूआत है। राज्यपाल ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित विकसित भारत 2047 का लक्ष्य एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसके वास्तविक शिल्पकार देश के युवा हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक नौकरी तक सीमित न रहने और नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाले बनने की प्रेरणा दी।

■ दीक्षांत समारोह की स्मारिका का किया विमोचन


**कुरुक्षेत्र।** दीक्षांत समारोह में मौजूद राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष व हरियाणा राज्य की प्रथम महिला मित्रा घोष, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व उनकी धर्मपत्नी, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू व अन्य।


**कुरुक्षेत्र।** सर्वोच्च न्यायालय, भारत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल को मानद उपाधि देते राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष।

### राजेश बिंदल को विश्वविद्यालय की तरफ से दी मानद उपाधि

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश बिंदल को डॉक्टर ऑफ लॉ (मानद) उपाधि प्रदान किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके विधि और न्याय क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की पहचान है। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया कि न्यायमूर्ति बिंदल इसी संस्थान के पूर्व छात्र भी हैं। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। विश्वविद्यालय को नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त हुआ है तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हरियाणा सरकार द्वारा प्लैटिनम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने शोध, पेटेंट, नए शैक्षणिक कार्यक्रमों और इंडस्ट्री 4.0 से जुड़े आधुनिक विषयों में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन भूमि भगवद्गीता के उस संदेश की याद दिलाती है कि व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के साथ-साथ मूल्यों को भी जीवन में अपनाने की अपील की।

### राष्ट्र सशक्त होगा तभी सभी सशक्त होंगेः बिंदल

सर्वोच्च न्यायालय, भारत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि यदि राष्ट्र सशक्त होगा, तो हम सभी स्वतः सशक्त होंगे। यदि हम केवल अपनी व्यक्तिगत प्रगति के बारे में सोचेंगे, तो हम अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से निर्वहन नहीं कर पाएंगे। क्योंकि जो कुछ भी हमें मिला है, वह इसी राष्ट्र की देन है। इसलिए राष्ट्र के प्रति योगदान देना हमारा पहला और सबसे बड़ा कर्तव्य है। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने मुझे इस सम्मानित मानद उपाधि से अलंकृत किया। साथ ही, मैं उन सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ जो आज अपनी डिग्रियां प्राप्त कर रहे हैं। यह क्षण आपके परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा का एक विशेष आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। यह विश्वविद्यालय पवित्र ब्रह्म सरोवर के समीप स्थित है। मान्यता है कि सृष्टि की रचना के समय भगवान ब्रह्मा ने यहीं यज्ञ किया था। इस पावन परंपरा से हमें एक अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश मिलता है कि हमें सृजनकर्ता बनना है, विनाशकर्ता नहीं। यही इस पवित्र भूमि से मिलने वाली सबसे बड़ी सीख है। जीवन में चाहे कैसी भी परिस्थितियां क्यों न आएं, हमें सदैव सकारात्मक सोच रखनी चाहिए और कुछ नया, कुछ अच्छा सृजन करने का प्रयास करते रहना चाहिए। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने कहा कि आज के समय की एक बड़ी चुनौती तकनीक भी है। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के युग में जी रहे हैं। ये तकनीकें एक ओर अपार अवसर प्रदान करती हैं, वहीं दूसरी ओर कई गंभीर चुनौतियां भी सामने लाती हैं। इसलिए तकनीक का उपयोग अवश्य करें, उससे सीखें और लाभ उठाएं, लेकिन उस पर पूर्णतः निर्भर कभी न हों क्योंकि कभी-कभी तकनीक भ्रमित भी कर सकती है।

### दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान ही नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की एक सशक्त परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी गीता के उपदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें, जो उनको सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जीवन में आगे बढ़ते हुए अनेक चुनौतियां आएँगी। ऐसे समय में विश्वविद्यालय का ध्येय वाक्य योगस्थः कुरु कर्माणि सदैव स्मरण रखें, जिसका अर्थ है कि सफलता और असफलता दोनों परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना। उन्होंने कहा कि आज का दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि नई उड़ान की एक नई शुरूआत है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष, डॉ. ममता सचदेवा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल, भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश छिक्कारा, श्री कृष्ण आयुष विवि के कुलपति डॉ. करतार सिंह धीमान, कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, प्रो. संजीव अग्रवाल, प्रो. प्रीति जैन, प्राक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. भगवान सिंह चौधरी, प्रो. डी.एस. राणा, प्रो. आरके. मोदगिल, प्रो. रीटा, प्रो. परमेश कुमार, प्रो कुसुमलता, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा सहित विवि के कार्यकारिणी सदस्य, कोर्ट के सदस्य, डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सामूहिक फोटो बना यादगार

दीक्षांत समारोह के अवसर पर सामूहिक फोटो की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसमें राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष व हरियाणा राज्य की प्रथम महिला मित्रा घोष, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल व उनकी धर्मपत्नी, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता, न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी, न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश भारद्वाज, न्यायाधीश न्यायमूर्ति अलका सरीन, कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा सहित विभिन्न संकायों के डीन, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकों का समूह फोटोग्राफ लिया गया जो सभी के यादगार बना।


**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13/17 आरडब्ल्यूए की बैठक में हरपाल ढांडा का स्वागत करते चौ. संजय तोमर। फोटोः हरिभूमि

### पानीपत को विकसित शहर बनाएंगेः ढांडा

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर 13/17 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की बैठक हुई। वहीं बैठक में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की ओर से उनके भाई चौधरी हरपाल ढांडा ने बैठक में शिरकत की। इधर, बैठक में पहुंचने पर आरडब्ल्यूए के चौधरी संजय तोमर, हरीश अरोड़ा, कपिल मखीजा, सुरेश गुंबर, भीम सचदेवा, रमेश सतीजा, नवीन जुनेजा, मानव गोयल ने ढांडा का फूल भेंट कर स्वागत किया। इधर, ढांडा ने आरडब्ल्यूए की ओर से संजय तोमर से सेक्टर की समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली और उनका जल्द हल कराने का आश्वासन दिया। इधर, ढांडा ने कहा कि हुडा सेक्टर 13/17 को मॉडल सेक्टर बनवाया जा रहा है। जल्द ही सेक्टर में आधुनिक सुविधाओं से लैस लाइब्रेरी का निर्माण करवाया जाएगा। जबकि 22 करोड़ रूपये की लागत से कम्युनिटी हॉल भी बनवाया जाएगा। वहीं, सेक्टर में मॉडल संबंधी सभी विकास कार्य जारी है।

■ हुडा सेक्टर 13/17 में 22 करोड़ की लागत से कम्युनिटी हॉल बनेगा

### आग में झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद के यारा गांव में गैस सिलेंडर में अचानक धमाके के साथ लगी आग में झुलसने से महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 18 मार्च सुबह करीब 6:30 बजे हुई थी। इस घटना में महिला के परिवार के 6 और सदस्य भी झुलस गए थे। उनका आदेश अस्पताल मोहड़ी में इलाज चल रहा है। बीती रात करीब 11 बजे कोमल (24) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। इस हादसे में झुलसे कोमल के ससुर रुपेंद्र कुमार की नाजुक हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। सिलेंडर में धमाके के बाद आग पूरे घर में फैल गई थी। जानकारी के मुताबिक, 18 मार्च यानी बुधवार सुबह करीब 6:30 बजे गीता देवी अपनी रसोई में गैस पर खाना बना रही थी। तभी अचानक सिलेंडर में धमाके के साथ आग लग गई।

# प्रदेश की मंडियों में 24 घंटे होगी फसल की खरीद

■ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने तीन अनाजमंडियों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा, अधिकारियों को कहा किसानों को नहीं होनी चाहिए कोई दिक्कत, समय पर होना चाहिए गेहूं का उठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि रबी सीजन को लेकर किसानों की फसलों को खरीदने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसान मंडी में 24 घंटे फसल की बिक्री के लिए ला सकता है। कृषि मंत्री शनिवार को अंबाला छावनी, अंबाला शहर व नन्यौला अनाज मंडी में गेहूं खरीद कार्यों का जायजा ले रहे थे। सभी जगहों पर कृषि मंत्री का मार्केट कमेटी के चेयरमैन व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। राणा ने रबी सीजन के तहत अंबाला शहर, अंबाला छावनी व नन्यौला अनाज मंडी मे गेंहू खरीद कार्य के तहत की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लिफ्टिंग का कार्य भी बेहतर तरीके से होना चाहिए ताकि किसानों की फसलों की अदायगी 48 घंटे के भीतर उनके खातों में हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तीनों मंडियों में बारदाने , स्पेस की व्यवस्था, फसल का सत्यापन, गेट पास के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी मंडियो में रबी सीजन के तहत बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि किसानों को अपनी फसलों को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मंडियों को जियो फेसिंग भी किया गया है तथा किसानों की सुविधा के लिए पंजीकृत किसानों द्वारा पोर्टल पर जो 3 नाम नोमिनी के तौर पर दिए गए है उन्हीं के गेट पास कटेंगे। इससे उन्हें अपनी फसलों को बेचने में आसानी होगी। इसके साथ-साथ जो भी किसान मंडी में ट्रैक्टर टॉली से फसल की आवक लेकर आएगा उसकी नंबर प्लेट पोर्टल पर अंकित की जाएगी इसलिए सभी किसानों से आग्रह है कि वह अपने ट्रैक्टर ट्रॉली पर नंबर अंकित जरूर होना चाहिए।


**अंबाला।** मंडी अधिकारियों से बातचीत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### रबी खरीद में नई व्यवस्थाएं

राणा ने सभी आढतियों व अन्य को भी आग्रह किया कि इस बारे वे किसानों को अवगत करवाएं तथा मंडी के अंदर जितनी भी दुकानें हैं उसके बाहर यह सूचना भी चश्पा करवाएं। उन्होंने कहा कि रबी खरीद सीजन 2026 के दौरान किसानों को सुविधा प्रदान करने, समय की बचत करने तथा खरीद प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुछ व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। किसान अपनी फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली के अतिरिक्त अन्य पारंपरिक साधनों जैसे बैलगाड़ी आदि के माध्यम से भी मंडी में ला सकते हैं। यदि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर प्लेट उपलब्ध नहीं है, तो किसान ट्रैक्टर पर पेंट द्वारा ट्रैक्टर का नंबर लिखकर अथवा कागज पेपर स्टीकर पर पंजीकरण संख्या अंकित कर मंडी में फसल ला सकता है। किसानों को गेट पास काटने के लिए प्रतीक्षा न करनी पड़े इसके लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कच्चे कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इस व्यवस्था के अंतर्गत किसान 24 घंटे अपनी फसल विक्रय हेतु मंडी में ला सकते हैं।

# कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट करवा व्यक्ति से हड़पे 40.25 लाख

■ पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट करवा कर गुरु तेग बहादुर नगर निवासी वीरेंद्र कुमार से 40 लाख 25 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप रमेश दत्ता व अमित खेड़ा पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरु तेग बहादुर नगर निवासी वीरेंद्र कुमार ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी जान पहचान रमेश दत्ता के साथ थी। रमेश दत्ता ने उसे बताया कि उन्होंने इंटरनेशनल कंपनी खोली हुई है। जिसका कार्यालय विदेश में भी है। इस दौरान आरोपी ने कंपनी में पैसे इन्वेस्टमेंट कर अधिक मुनाफा कमाने की बात कही। आरोपी रमेश दत्ता ने इसके बाद उसे अमित खेड़ा से मिलवाया।

इसके बाद उसने आरोपियों पर विश्वास करके अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2025 के बीच आरोपियों द्वारा बताई गई कंपनी में 40 लाख 25 हजार रुपये इन्वेस्टमेंट कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए।

जब उसने आरोपियों से बात की तो आरोपी कंपनी में आंतरिक समस्या आने का बहाना बनाकर उसके सारे पैसे हड़प लिए। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पार्किंग विवाद को लेकर हुए झगड़े में पांच जख्मी पुलिस कर रही जांच

**अंबाला।** जलबेड़ा रोड पर पार्किंग के लिए दो दुकानदारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। तेजधार हथियार चलने पर दीपक मेडिकोज के दुकानदार संजीव कुमार व बीचबचाव करने आए मोहित, इंशात चोटिल हो गए। दूसरे पक्ष से भी दो लोग घायल हुए हैं। संजीव की गर्दन के पीछे व जांघ में चाकू लगे हैं। अंबाला शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेश ने बताया कि पार्किंग के विवाद में दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ है। लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। संजीव कुमार ने बताया कि करीब एक हफ्ते पहले पार्किंग को लेकर टिक्की की दुकान चलाने वाले से झगड़ा हो गया था। उसी मामले में उन्हें समझौते के लिए बुलाया गया था। आरोप है कि जब वह पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद लोगों ने उन पर चाकुओं व डंडों से हमला कर दिया था।

## मंत्री अनिल विज बोले, 13 एकड़ से ज्यादा भूमि पर होगी स्थापना, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे

# शाहपुर में बनेगा ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन, 11.49 करोड़ मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



'ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान'' (आईडीटीआर) और ''ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन' (एटीएस) अंबाला छावनी के शाहपुर में स्थापित होगा। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से लगभग 11.49 करोड़ की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति दी है। मंत्री अनिल विज ने बताया कि राशि स्वीकृत होने पर शाहपुर की 13 एकड़ 5 कनाल और 4 मरला भूमि पर ''ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और आटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन'' को अब जल्द स्थापित किया जाएगा इस स्टेशन'' की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस संस्थान के माध्यम से आसपास के जिलों के हजारों प्रशिक्षित युवाओं को ओर अधिक हुनरमंद बनाने अर्थात अधिक कौशलयुक्त तैयार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना से प्रति सप्ताह लगभग 300 वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी। परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि वे चाहते हैं कि प्रदेश में परिवहन सुविधाओं को और अधिक सुचारू व सुगम बनाया जाए। इसके लिए उनके द्वारा नित नए दिन तकनीकी रूप से आधुनिक तरीके से सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है कि ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान (आईडीटीआर) सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और आधुनिक ड्राइविंग कौशल सिखाने के लिए सरकार द्वारा स्थापित विशेष केंद्र हैं। इनकी मुख्य विशेषताएं वैज्ञानिक प्रशिक्षण, अत्याधुनिक सिमुलेटर, ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक और विभिन्न प्रकार के वाहनों (लाइट/हैवी) के लिए व्यापक पाठ्यक्रम हैं। ये संस्थान सुरक्षित ड्राइविंग और दुर्घटनाओं को कम करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

### ऑटोमेटिक स्टेशन से वाहन फिटनेस की हो जांच

उल्लेखनीय है कि ऑटोमेटिक व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन में गाड़ियों की फिटनेस टेस्टिंग ऑटोमेटिक मशीनों से होती है। इन स्टेशन पर व्हीकल की फिटनेस टेस्टिंग कराने के बाद फिटनेस सर्टिफिकेट मिलता है। ये सर्टिफिकेट पूरे देश में वैलिड होता है। टेस्टिंग स्टेशन में गाड़ियों के टेस्ट के बाद सड़क दुर्घटना में कमी आती है क्योंकि अगर कोई गाड़ी टेस्टिंग के दौरान अनफिट हो तो उसे सड़क पर चलने के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता है। इन टेस्टिंग में गाड़ियों के सभी तकनीकी पहलुओं पर गौर किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### पीढ़ी को सुरक्षित रखने के लिए करना चाहिए पौधरोपण : संदीप



**रादौर।** सैनी समाज द्वारा शनिवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री डॉक्टर धर्म सिंह सैनी का 66 वां जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रधान संदीप सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर प्रधान संदीप के समाज के लोगों के साथ पौधारोपण कर वातावरण हराभरा रखने का संदेश दिया।
प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि वह पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह के जन्मदिन पर लगाए गए पौधों की पूरी तरह से देखभाल करेंगे। इससे पहले वह लगातार चार बार विधायक व 2 बार मंत्री चुने जा चुके हैं। इस अवसर पर राजू गुप्ता, जगन चौहान, कणिक सैनी, नक्ष सैनी, पुलकित सिंगला, मानो गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### अनिकेत सचदेवा को उप राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

**रादौर।** दीनबंधु सर छोटूराम यूनिवर्सिटी में 6 अप्रैल को सम्मानित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उप राष्टपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य



अतिथि के रूप में मौजूद होंगे। कार्यक्रम में उप राष्टपति कस्बा रादौर के क्षेत्र अनिकेत सचदेवा को सम्मानित करेंगे। अनिकेत सचदेवा ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि उपराष्टपति से सम्मानित होना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। अनिकेत सचदेवा इस समय इस्जक यमुनानगर में इंजीनियर.वन के पद पर कार्यरत है, जो यूपीएससी की तैयारी कर रहे है। जो आईएएस बनकर प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते है।

### महिला दो बच्चों के साथ हुई लापता, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के शादीपुर क्षेत्र से एक महिला अपने दो बच्चों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। महिला के पति ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार शादीपुर निवासी मोनू ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 30 मार्च को वह काम पर गया था। घर पर उसकी पत्नी कविता, उसका एक वर्षीय बेटा देव व तीन वर्षीय बेटा विशु मौजूद थे। शाम को जब वह काम से घर लौटा दो उन्हें घर से अपनी पत्नी व बच्चे गायब मिले। परेशान होकर उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### भावनाओं को समझने का श्रेष्ठ माध्यम हैं कला: गोयल

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में दो दिवसीय 'आर्ट एंड लाइफ' कला प्रदर्शनी और कार्यशाला का शानदार समापन हुआ। जिसमें बतौर स्क्रीन प्रिंटिंग प्रशिक्षक कृष्ण ने उपस्थित विद्यार्थियों को इस कला को चुनने के फायदे और इसके स्वर्णिम भविष्य के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का उदघाटन नरेश गोयल सेक्रेटरी एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत और महेंद्र अग्रवाल, महासचिव, एसडी पीजी कॉलेज ने किया।

### कृषि मंत्री ने अनाज मंडी छछरौली का किया औचक निरीक्षण

# एमएसपी पर प्रदेश में खरीदी जा रही हैं अधिकांश फसलें : राणा

निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने किसानों और आढ़तियों से की बातचीत, मेरी फसल मेरा ब्यौरा से किसानों के खाते में पहुंचती है अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** निरीक्षण के दौरान आढ़तियों व किसानों से बातचीत करते कृषि मंत्री।

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में अधिकांश फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी की सोच है कि किसान का हक किसान को ही मिलना चाहिए। उन्होंने जिले की छछरौली, व्यासपुर व साढ़ौरा अनाज मंडियों का निरीक्षण करते हुए उक्त दावा जताया। मौके पर उन्होंने आढ़तियों व किसानों से बाचतीच की और अधिकारियों को गेहूं खरीद में किसानों को कोई परेशानी नहीं आने देने के लिए निर्देश दिए।
कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा एकमात्र राज्य है। जिसने केन्द्र सरकार द्वारा तय किए गए न्यूनतम समर्थन पर अधिकांश फसलों की खरीद करने का निर्णय सबसे पहले लिया है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से अनुदान राशि सीधे किसानों के खातें में जमा करवाई जाती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि अनाज मंडियों में गेहूं की आवक धीरे धीरे तेज होने जा रही है। इसलिए समय रहते अनाज मंडी में सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। ताकि गेहूं की अधिक आवक होने पर किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोर्टल संबंधी वैरीफिकेशन को जल्द से जल्द पूरा करें। ताकि किसानों को अपना गेटपास बनवाने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने संबंधित अधिकारियों एवं अनाज खरीद एजेसियों के अधिकारियों को अनाज मंडियों में पानी की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, सडकPों की मुरम्मत, बिजली का प्रबंध, सीसीटीवी कैमरे व कैंटीन में भोजन आदि विशेष सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। ताकि किसानों द्वारा कड़ी मेहनत से पैदा की गई गेहूं की फसल को बेचने में उन्हें कोई दिक्कत न आएं। मौके पर उन्होंने आढ़तियों व किसानों की समस्याएं भी सुनी। इस अवसर पर व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, डीएफएससी नितिश सिंगला, मार्किट कमेटी छछरौली के चेयरमेन कैलाश चन्द शर्मा, सचिव ऋषि राज, मार्किट कमेटी व्यासपुर के चेयरमैन विपिन सिंगला व सचिव सुमन लता, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग व सूरजभान आदि मौजूद रहे।

### टिकैत 9 को करेंगे महापंचायत को संबोधित : गुर्जर



**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन के भाकियू कार्यालय धौडंग में महापंचाय को लेकर एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने की। गुर्जर ने बताया कि किसान नेता राकेश टिकैत 9 अप्रैल को नारायणगढ़ में विशाल किसान महापंचायत को संबोधित करेंगे। इस महापंचायत में जिसमें किसानों के बायोमेट्रिक, मेरी फसल मेरा ब्यौरा व किसानों से जुड़ी अन्य समस्याओं पर पर विचार विमर्श किया जाएगा। वहीं सरकार के हर तुगलकी फरमान का विरोध भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी को लेकर 5 अप्रैल ब्यासपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक आयोजित होगी। जिसमें सभी पदाधिकारी की जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार नए.नए नियम बना रही है, जिससे किसान परेशान ओर हताश हो चुके हैं। सरकार किसानों का खेती की तरफ से मोह भंग कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि बायोमैट्रिक प्रणाली जो सरकार ने किसानों के लिए लेकर आई है। यह सरासर किसान के विरोध में है। किसान छः महीने में फसल दिन रात मेहनत करके तैयार करता है। जब फसल पक जाती है तो किसान को मंडियों में बेचने पर भी नई नई शर्ते लगातर प्रतिबंध लगा दिया जाता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसान मंडियों में अपना अनाज लेकर जाता है न कि वे डोडे व फीम। यदि जिले की मंडियों में गेट पास पर किसान को दिक्कत आई तो भारतीय किसान यूनियन वहा पर दिक्कत पैदा कर देगी।

# निगम के प्रयासों से वार्ड 7 बना अपशिष्ट मुक्तः मेयर



**यमुनानगर।** निगम कर्मचारियों को कपड़े के थैले वितरित करते हुए मुख्यातिथि।

- निगम और हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप द्वारा मेयर कार्यालय में हुआ पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन व हेल्पिंग हैंडस ग्रुप द्वारा मेयर के कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मेयर सुमन बहमनी ने भाग लिया। जबकि मौके पर नगर निगम के आयुक्त महाबीर प्रसाद व हेल्पिंग हैंडस ग्रुप के संस्थापक डॉ. नरेंद्र सिंह शाही भी मौजूद रहे।
मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नगर निगम स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार अभियान चला रहा है। नगर निगम के प्रयासों से हमारा वार्ड नंबर सात अपशिष्ट मुक्त वार्ड बना है। यदि प्रत्येक नागरिक घर से ही कचरे को कम करने और प्लास्टिक से दूरी बनाने का संकल्प ले तो पूरे शहर को अपशिष्ट मुक्त बनाने का लक्ष्य आसानी से हासिल किया जा सकता है। मौके पर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि पांच आर में वह सबसे महत्वपूर्ण रिड्यूस को मानते हैं। यदि हर शहरवासी अपनी इच्छाओं पर अंकुश लगाकर कचरा कम करें तो यह शहर की स्वच्छता के लिए अहम होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण और पर्यावरणीय लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने और पांच आर को जीवनशैली में अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर सीनियर अकाउंट ऑफिसर कृष्ण जैन, जेडटीओ जितेंद्र मल्होत्रा, जेडटीओ रघुवीर सिंह, स्टोर इंचार्ज राकेश कुमार, पार्षद प्रियांक शर्मा, संदीप धीमान, हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप से डॉ. विभा गुप्ता, राजीव आनंद, उमा शर्मा व ममता सेन आदि मौजूद रहें।

# विकास कार्यों का निरीक्षण कर मेयर ने जांची निर्माण कार्यों की गुणवत्ता

- मेयर ने की वार्ड दस में विकास कार्यों के निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अतिक्रमण को हटाने के लिए अधिकारियों को निर्देश देते मेयर।

ट्विन सिटी के वार्ड नंबर दस में चल रहे करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का शनिवार को मेयर सुमन बहमनी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। मौके पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। मौके पर पार्षद किरण यादव, पार्षद प्रतिनिधि पवन प्रताप यादव व नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता अजय आदि मौजूद रहे। मेयर ने शनिवार को वार्ड दस में करोड़ों रुपये की लागत से बन रही कैलान रेस्ट हाउस सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क में प्रयोग की जा रही सामग्री की गहनता से जांच की। इसके बाद मेयर ने आजाद नगर में बन रहे सामुदायिक केंद्र समेत अन्य निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

### रंजिश के चलते व्यक्ति को पीट कर किया घायल

**यमुनानगर।** साढ़ौरा स्थित कृष्ण मंदिर के पास रंजिश के चलते कुछ लोगों ने सावनिया मोहल्ला निवासी अमित सेतिया को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सावनिया मोहल्ला साढ़ौरा निवासी अमित सेतिया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव टिबडी निवासी वीर सिंह, राजेंद्र व रामकुमार के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे।

# बिना ई-रवाना के मिलने वाले खनिज वाहनों पर करें कड़ी कार्रवाईः उपायुक्त

- अवैध खनन व अवैध परिवहन पर जिला सचिवालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। *फोटो : हरिभूमि*

जिले में अवैध खनन व खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर जिला सचिवालय में खनन विभाग समेत अन्य अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। मौके पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल भी मौजूद रहे।
उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन तथा खनिज के अवैध परिवहन को लेकर जिला में लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खनन विभाग के अलावा जिला टास्क फोर्स से जुड़े विभागों के अधिकारी भी इस अभियान में पुलिस की सहायता से लगातार फील्ड में कड़ी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 19 नाके लगाए गए हैं व 8 मोबाइल टीमों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है। उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई खनिज वाहन बिना ई रवाना के पाया जाता है तो उसे तुरंत कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई करें।



### प्रशिक्षण हमारे संकल्प को अधिक ऊर्जावान बनाने का जरिया : गुर्जर

**यमुनानगर।** भाजपा कार्यकर्ताओं के तत्वावधान में शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने की। मंत्री कंवरपाल ने बताया कि बैठक का उद्धेश्य कार्यकर्ताओं के वैचारिक कौशल को निखारना था। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को अनुशासन बनाए रखने और बूथ स्तर पर संगठन को अभेद्य बनाने की रणनीति पर जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता भाजपा की असली ताकत हैं। यह प्रशिक्षण केवल सीखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे संकल्प को और अधिक ऊर्जावान बनाने का जरिया हौ सही ऊर्जा के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों मिलेंगी। मौके पर मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि इस प्रशिक्षण महाअभियान के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को आगामी चुनौतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने था।

# वन विभाग कर्मियों पर गाड़ी चढ़ाने पर दो आरोपियों को पांच साल की सजा

- अदालत ने आरोपियों पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दानिश गुप्ता की अदालत ने वन विभाग के कर्मचारियों को जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने के मामले में दो दोषियों को पांच-पांच वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। दोषियों में गांव खिल्लांवाला निवासी कामिल और गांव जाट्टांवाला निवासी दाऊद शामिल हैं। अदालत ने दोनों पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर आरोपियों को छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने गांव खिल्लांवाला निवासी मुंशी और सद्दाम को भी दोषी ठहराते हुए एक-एक वर्ष की सजा सुनाई है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे, लेकिन उनकी गाड़ी पास के खेत में फंस गई। आरोपियों में गांव खिल्लांवाला निवासी मुंशी और सद्दाम भी शामिल थे। अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद आरोपी कामिल व दाऊद को दोषी ठहराते हुए पांच-पांच साल की कैद तथा 15-15 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

### आमवाला व ताजेवाला में हुई थी खैर की लकड़ी चोरी

प्रतापनगर थाना पुलिस ने 26 अगस्त 2019 को वन क्षेत्राधिकारी कलेसर कुलदीप सिंह की शिकायत पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। शिकायत में बताया गया था कि आमवाला और ताजेवाला बीट क्षेत्र से खैर की लकड़ी चोरी होने की घटनाएं सामने आई थीं। 25 अगस्त 2019 की रात वन विभाग को सूचना मिली कि चोरी की गई लकड़ी गांव के कुछ लोगों के घर में छिपाकर रखी गई है और आरोपी उसे बेचने की फिराक में हैं। कार्रवाई के दौरान गांव खिल्लांवाला निवासी कामिल और गांव जाट्टांवाला निवासी दाऊद ने बचने के लिए वन विभाग की टीम पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया, जिससे कर्मचारियों की जान खतरे में पड़ गई।




### सेल्फी प्वांइट पर गंदगी से लोग परेशान

**रादौर।** गांव दामला में एसके मार्ग पर पंचायत द्वारा लगाए गए सेल्फी प्वांइट पर गंदगी के ढ़ेर पड़े होने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों सेल्फी प्वांइट के पास पड़े गंदगी के ढेर उठवाए जाने की मांग की है। क्षेत्र के समाजसेवी संदीप सैनी, बिट्टू, रमेश, जयपाल, सुरेश, प्रदीप व रमन आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए गांव के एसके मार्ग पर सेल्फी प्वांइट लगाया गया था। ताकि लोग जागरुक बने और गंदगी को खुले में ना डालें। मगर ऐसा नहीं हुआ और सेल्फी प्वांइट के पास लोगों ने गंदगी डालना शुरू कर दिया। जिससे वातावरण दुषित होने लगा है। समाजसेवी संदीप सैनी ने कहा कि पंचायत को प्राथमिकता के आधार पर सड़क किनारे पड़ी गंदगी को उठवाना चाहिए। गर्मी के मौसम में गंदगी के कारण जहां वातावरण दूषित हो रहा है। वहीं, बीमारियां फैलने का भी खतरा बना रहता है। किसी भी गांव में सेल्फी प्वांइट लगाने पर उसके आसपास की भूमि गांव का सम्मान होता है। ऐसे में सेल्फी प्वांइट के नजदीक गदंगी डालना पूरे गांव के सम्मान को ठेस पहुंचा रहा है। उन्होंने पंचायत व प्रशासन से सेल्फी प्वांइट के पास से गंदगी हटवाए जाने की मांग की है।

# अधिकारी फार्मेट के अनुसार बनवाएं विकास कार्यों की सूची : एडीसी अहुजा

- डी प्लान और शिवालिक विकास बोर्ड द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों पर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



**यमुनानगर।** शिवालिक विकास बोर्ड के कार्यों को लेकर बैठक में निर्देश देते एडीसी।

जिला सचिवालय में डी प्लान और शिवालिक विकास बोर्ड द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। एडीसी नवीन आहूजा ने कहा कि डी प्लान और शिवालिक विकास बोर्ड द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों की सूची फार्मेट अनुसार बनाएं। उन्होंने कहा कि सूची को शीघ्र बनाकर कार्यालय में भेजें। ताकि विकास कार्यों में तेजी आ सके। एडीसी ने बैठक में मौजूद नगर निगम, पंचायती राज विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग व आयुष विभाग आदि को विकास कार्यों को लेकर दिशा निर्देश दिए। मौके पर अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता, जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता आदि रहे।

### श्री राम कथा के तीसरे दिन साध्वी ने श्रीराम के विवाह का किया वर्णन

# शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर स्वयंवर जीते थे रामः दिवेशा

साधक अपने अहंकार, वासनाओं को त्यागकर आनंद स्वरूप ब्रह्म से हो जाता है एकाकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



**रादौर।** श्री राम कथा में उपस्थित श्रद्धालु।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में कस्बा रादौर के शिव मंदिर में चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने भगवान श्रीराम के विवाह का वर्णन किया।
कथावाचक साध्वी दिवेशा भारती ने बताया कि शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाकर स्वयंवर में श्री राम विजयी हुए और भगवान परशुराम को श्री राम जी ने अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान करवाया। तत्पश्चात राजा जनक ने अपनी पुत्रियों का विवाह संपन्न किया। श्री राम के साथ माता सीता, लक्ष्मण के साथ उर्मिला, शत्रुघ्न के साथ श्रुतकीर्ति व भरत के साथ माण्डवी का विवाह सम्पन्न हुआ। श्रीराम व माता सीता का विवाह केवल दो साधारण व्यक्तित्वों का मिलन नहीं अपितु यह जीव और ब्रह्म के एकत्व का गूढ़ संकेत है। जैसे शिव धनुष टूटने के पश्चात माता सीता जी पूर्ण समर्पण, शुद्धता व प्रेम के साथ प्रभु श्रीराम का वरण करती हैं। ठीक वैसे ही जब साधक अपने अहंकार, वासनाओं व भ्रम को त्यागकर पूर्ण समर्पण करता है, तब वह सत चित्त आनंद स्वरूप ब्रह्म से एकाकार हो जाता है। हम वास्तविकता में नश्वर शरीर नहीं अपितु शुद्ध चेतना हैं। जब मन स्थिर और निर्मल होता है तभी भीतर का राम प्रकट होता है। भक्ति और ज्ञान का संतुलन ही जीवन को पूर्णता देता है। जब जीवन में राम रूपी ज्ञान और सीता रूपी भक्ति का संगम होता है, तभी सच्चा आनंद और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। हमारे भारत की सनातन पुरातन धरोहर ब्रह्मज्ञानए जो समय के साथ विलुप्त हो चुकी थी। आज परम पूजनीय दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी ने अपने तपोबल से पुनरू सजीव किया है और कलियुग की कालिमा से ग्रस्त संपूर्ण मानवता को ब्रह्म ज्ञान रूपी औषधि प्रदान कर रहे हैं। ब्रह्मज्ञान हमारे मन का रूपांतरण करता है। ब्रह्मज्ञान ही वह मृत संजीवनी है जो प्रत्येक मनुष्य के आधिए व्याधिए उपाधि सभी पीड़ाओं का शमन करती है। जीवन के अत्यधिक कष्ट व पीड़ाएं मनुष्य के स्वयं निर्मित किये हुए होते हैं।

**खबर संक्षेप**



## परशुराम ब्राह्मण संकल्प सम्मलेन आज

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम ब्राह्मण संकल्प सम्मलेन पिपली रोड स्थित निमंत्रण पैलेस में आज 5 अप्रैल को किया जाएगा। सम्मेलन में लाडवा हल्के के विभिन्न वार्डों, ग्रामीण क्षेत्रों और हल्के के अलग अलग मंडलों से सैंकड़ों लोग पहुंचेंगे। कार्यक्रम में बीजेपी विधायक एवं ब्राह्मण समाज के सबसे वरिष्ठ नेता दादा राम कुमार गौतम शिरकत करेंगे, उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय संघठन मंत्री संजय विनायक जोशी भी हरियाणा में ब्राह्मण समाज के राजनैतिक सामाजिक हक की आवाज बुलंद करेंगे।

## निःशुल्क ऑर्थोपेडिक चिकित्सा शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निःशुल्क ऑर्थोपेडिक चिकित्सा शिविर 5 अप्रैल रविवार को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रख्यात विशेषज्ञ डा. लविश गर्ग अपनी गरिमामयी उपस्थिति में मरीजों की जाँच, परामर्श एवं समुचित उपचार प्रदान करेंगे। डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि यह शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उन असहाय एवं जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य राहत पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है, जो उपचार के अभाव में कष्ट झेल रहे हैं।

## नए शैक्षणिक सत्र का हवन के साथ शुभारंभ

**कुरुक्षेत्र।** महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी में आज नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ विशाल सिंगला प्रधान श्रीवैश्य अग्रवाल पंचायत कुरुक्षेत्र एवं हरमेश गोयल के द्वारा विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ हवन में प्रथम आहुति करके किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा और सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूर्ण आस्था के साथ हवन में भाग लिया।

## राजकीय विद्यालय बिहोली में शैक्षणिक सत्र का आरंभ

**थानेसर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहोली के प्रांगण में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हर्षोल्लास से प्रवेश उत्सव मना कर की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि आशीष कुमार ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के अलावा ग्राम पंचायत प्रतिनिधि नंबरदार सुनील कुमार, प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ. सुदेश कुमारी, एसएमसी प्रधान श्रीमती सुमन देवी, पंच सदस्य और स्कूल स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। मुख्यातिथि आशीष कुमार ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक कर नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश हेतु बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ साथ अन्य अभिरुचियों के विकास और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के महत्व पर बल दिया।

### राज्यपाल ने किया बहुमंजिला डी-टाइप आवासीय भवन का लोकार्पण

# विश्वविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं से बेहतर कार्य-परिवेश : असीम घोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित बहुमंजिला 20 डी-टाइप आवासीय निवास का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए बेहतर कार्य-परिवेश तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा आधारभूत संरचना के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचेदवा ने कहा कि शिक्षकों को सुविधाओं प्रदान करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। उसी कड़ी में शिक्षकों के लिए 20 डीटाईप आवासीय मकानों का निर्माण किया गया है। शिक्षकों की यह पुरानी मांग थी जिसको प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है।



कुरुक्षेत्र। बहुमंजिला डी-टाईप आवासीय भवन का लोकार्पण करते राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय, भारत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुलदीप तिवारी, न्यायाधीश न्यायमूर्ति अलका सरीन, कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल मौजूद रहे।

## 35वें दीक्षांत समारोह में सेल्फी प्वाइंट बने आकर्षण का केंद्र



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 35वें दीक्षांत समारोह में जहां एक ओर विद्यार्थियों को डिग्रियों से सम्मानित किया गया, वहीं दूसरी आडिटोरियम हॉल के बाहर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट सभी के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे जिसमें विश्वविद्यालय का लागो, दीक्षांत समारोह का बैनर, पोडियम और पारंपरिक व आधुनिक डिजाइन का सुंदर समन्वय देखने को मिला। विद्यार्थियों और अतिथियों ने इन स्थानों पर उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाईं और इस खास पल को यादगार बनाया। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए विशेष रूप से सजे इन सेल्फी प्वाइंट्स ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। छात्र-छात्राएं अपनी अकादमिक उपलब्धियों को कैमरे में कैद करते नजर आए। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सभी ने सराहना की।ऐसे आकर्षक सेल्फी प्वाइंट्स ने दीक्षांत समारोह के अनुभव को और भी खास बना दिया है, जिससे विद्यार्थी अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण दिन को हमेशा याद रखेंगे।

# पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए करें आवेदन : नरेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने जिला कुरुक्षेत्र के घरेलू व व्यावसायिक गैस उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिस भी क्षेत्र में एचपी ऑयल गैस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिछाई गई पीएनजी पाइप लाइन उपलब्ध है। उपभोक्ता जल्द से जल्द पीएनजी कनेक्शन लेने हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि भारत पेट्रोलियम शेपिंग द्वारा एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने की ऑनलाइन प्रक्रिया जारी की है। यह एक आसान डिजिटल प्रोसेस है। इससे प्रक्रिया से कोई भी अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर कर सकता है। इसके लिए किसी डीलरशिप विजिट की जरूरत नहीं है। इसके लिए माई पीएनजीडी डॉट इन वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद पिकअप, डॉक्यूमेंटेशन और रिफंड डिस्ट्रीब्यूटर का चयन करें। इस समय जिला के पीएनजी के 8500 कनेक्शन है। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने कहा कि ढाबा व रेस्टोरेंटों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। इस आवेदन की प्रति दिखाकर कमर्शियल सिलेंडर मिल पाएंगे। यह सिलेंडर तब तक मिलेगी जब तक पीएनजी कनेक्शन नहीं हो जाता। अगर किसी ढाबे या रेस्टोरेंट पर पीएनजी कनेक्शन लगना मुश्किल है और संबंधित एजेंसी इसका प्रमाण पत्र दे देती है तब संबंधित ढाबे या रेस्टोरेंट को कमर्शियल गैस सिलेंडर मिल पाएगा।



## नियमित योगाभ्यास से बेहतर होता है शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य : डॉ. मंजू

**कुरुक्षेत्र।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा अनेक रोगों से बचाव संभव है। इसके अलावा ग्रीष्म ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचाव भी मिलता है। हमें नियमित योगासन करने के साथ-साथ मच्छर जनित बीमारियों पर ध्यान देना होगा। इस मौसम में मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसी बीमारियों हो जाती है। नागरिकों को इनके लक्षण, कारण एवं रोकथाम के उपायों की विस्तृत जानकारी के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। इस दौरान नागरिकों को आयुर्वेद की दिनचर्या, ऋतुचर्या तथा संतुलित आहार-विहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग द्वारा एचपीवी वैक्सीन जागरूकता अभियान के साथ-साथ 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर जागरूक के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

# जीवनशैली में बीमारियों का समय पर पता लगाना ही बेहतर इलाज : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

रोटरी क्लब शाहबाद मारकंडा द्वारा समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए लाडवा रोड स्थित सिद्धार्थ अस्पताल में एक विशेष मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. दीपक शर्मा ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली में बीमारियों का समय पर पता लगाना और बचाव ही सबसे बेहतर इलाज है। इसी उद्देश्य के साथ इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शरीर के वजन और ऊंचाई के अनुसार बॉडी मास इंडेक्स, हृदय की गति मापने के लिए इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम और हृदय रोगों की संभावना को समझने के लिए कार्डियोवास्कुलर रिस्क स्कोर



असेसमेंट जैसे महत्वपूर्ण टेस्ट निःशुल्क किए गए। इसके अतिरिक्त, सिप्ला लिमिटेड के सहयोग से फेफड़ों की कार्यक्षमता जांचने के लिए पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट और माइक्रोलैब्स लिमिटेड के सहयोग से हड्डियों की मजबूती के लिए बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट भी विशेष रूप से उपलब्ध कराए गए। कैंप में कुल 142 मरीजों ने अपनी जांच करवाई और स्वास्थ्य परामर्श लिया।

# नशे पर प्रहार : अफीम रखने पर 2 आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे युवराज वासी ताहरपुर जिला बिजनौर व राज कुमार वासी करैली जिला बरेली यूपी को काबू करके उनके कब्जा से 450 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने नशीला पदार्थ मंगवाने के आरोपी रामफल उर्फ काला वासी तलहेडी को भी गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 अप्रैल 26 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी पीएसआई जसबीर सिंह के दिशा-निर्देश में उप निरीक्षक सुखदेव सिंह, सहायक उप निरीक्षक




गिरवर, मुख्य सिपाही अनिरुद्ध, सिपाही विकास व गाड़ी चालक ईश्वर सिंह की टीम कुरुक्षेत्र चौंक पेहवा पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि युवराज वासी ताहरपुर जिला बिजनौर व राज कुमार वासी करैली जिला बरेली यूपी का रहने वाले हैं जो अफीम बेचने का काम करते हैं। आज भी बरेली यूपी से अफीम लेकर में आये हैं।

### 450 ग्राम नशा बरामद

दोनों कार में कैथल रोड पेहवा पर एक धर्मकांटे के पास खड़े हैं यदि तुरंत उनको काबू किया जाये तो आरोपियों से अफीम बरामद हो सकती है। सूचना पर पुलिस टीम कैथल रोड पेहवा पर पहुंची जो जहां पर कार खड़ी दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा कार में बैठे व्यक्तियों से नामपता पूछने पर उन्होंने अपना नाम युवराज वासी ताहरपुर जिला बिजनौर व राज कुमार वासी करैली जिला बरेली यूपी बताया। पुलिस द्वारा राजपत्रित अधिकारी के उन की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 450 ग्राम अफीम बरामद हई। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर पेहवा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। टीम ने मामले में आगामी कारवाई करते हुए नशीला पदार्थ मंगवाने के आरोपी रामफल उर्फ काला वासी तलहेडी को भी गिरफ्तार कर लिया।



## 6 अप्रैल को अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय पर हुंकार भरेंगी आशा वर्कर्स

**कुरुक्षेत्र।** प्रेस बयान जारी करते हुए जिला प्रधान मनजीत, जिला सचिव पिंकी व जिला कौषाध्यक्ष उषा ने कहा कि राज्य कमेटी के आव्हान पर 6 अप्रैल को प्रदेशभर में जिला मुख्यालय पर अपनी लंबित मांगों और मानदेय में वृद्धि को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगी। आगामी 6 अप्रैल को जिले भर की आशा वर्कर्स जिला मुख्यालय पर विशाल विरोध प्रदर्शन करेंगी। जिला सचिव पिंकी ने कहा कि इस प्रदर्शन के माध्यम से सरकार का उनकी मांगों पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें जल्द से जल्द पूरा करने की चेतावनी दी जाएगी। यूनियन नेतृत्व का कहना है कि आशा वर्कर्स स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दिन-रात स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इसके बावजूद, उन्हें उचित मानदेय और सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। मुख्य मांगों में एनसीडी और आभा आईडी बनाना एक तकनीकी कार्य है। इस के लिए सरकार को हर गांव स्तर पर अलग से तकनीकी पदों पर भर्ती करनी चाहिए। अप्रैल 2025 में केन्द्र सरकार के द्धुवारा मंजूर किए गए 1500 रुपए की प्रोत्साहन राशि को तुरंत जारी किया जाए।

# महर्षि कश्यप जयंती को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां जोरों पर

**विधायक रामकुमार कश्यप ने भजन गीत की शूटिंग में लिया भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आगामी 24 मई को मनाई जाने वाली महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए कश्यप समाज पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में कश्यप समाज के लोकप्रिय नेता एवं इंद्री से विधायक रामकुमार कश्यप ने कुरुक्षेत्र स्थित कश्यप राजपूत धर्मशाला के प्रांगण में बने मंदिर में महर्षि कश्यप जी के सम्मान में तैयार विशेष भजन गीत की शूटिंग में भाग लिया। जयंती समारोह को नया स्वरूप देने और समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से इस भजन का निर्माण किया जा रहा है। शूटिंग के दौरान विधायक रामकुमार कश्यप



कुरुक्षेत्र। विशेष भजन गीत की शूटिंग में भाग लेते इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप।

भक्ति भाव में रंगे नजर आए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि महर्षि कश्यप जी के आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं और भजन के माध्यम से उनकी महिमा को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। विधायक रामकुमार कश्यप ने कश्यप राजपूत भवन कमेटी द्वारा शूटिंग व कलाकारों के लिए किए गए इंतजामों की सराहना की और बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 24 मई को महर्षि कश्यप जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस गाने को जयंती से पूर्व रिलीज किया जाएगा, जो समाज के लोगों में जोश और भक्ति का संचार करेगा।



## भगवान परशुराम कॉलेज के प्राचार्य शीशपाल शर्मा को दी भावभीनी विदाई

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में प्राचार्य शीशपाल शर्मा के सेवानिवृत्ति उपलक्ष्य में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज परिवार, शिक्षकगण एवं गैरद्धशैक्षिक कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रशासक पंकज सेतिया ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्राचार्य शीशपाल शर्मा ने पूरे कार्यकाल में कॉलेज के प्रति अनुकरणीय निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी दिखाई। उन्होंने कहा कि शर्मा अपने व्यवहार, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण सदैव छात्रों एवं स्टाफ के प्रिय रहे हैं। मंच संचालन डॉ बंसल ने करते हुए बताया कि प्रोफेसर शीशपाल शर्मा कॉलेज के प्रथम प्राचार्य भी रहे तथा अपने सेवाकाल में पाँच बार प्राचार्य के रूप में कार्यभार सँभालकर कॉलेज को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। वे कॉलेज के विकास, अनुशासन और शैक्षिक गुणवत्ता के मजबूत स्तंभ रहे हैं। शिक्षक वर्ग ने अपने संबोधनों में कहा कि प्राचार्य शर्मा ने सदैव शिक्षकों व छात्रों का मार्गदर्शन किया तथा संस्थान को एक परिवार की तरह जोड़े रखा।



## बीआर स्कूल में शैक्षणिक सत्र में भारत स्काउट्स और गाइड्स को किया शामिल

**कुरुक्षेत्र।** बी.आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से भारत स्काउट्स और गाईड्स (बुलबुल) को शामिल किया जा रहा है। इसी श्रृंखला के तहत जिला कुरुक्षेत्र के प्रमुख को-ऑर्डिनेटर देसराज ने छात्रों को उक्त विषय के संदर्भ से विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार इसे अपना कर वे अपना चहुँमुखी विकास कर सकते है। स्काउट्स व गाइडस और कब व बुलबुल अपने जीवन में उच्च चरित्रवान, अनुशासित आत्मनिर्भर एवं अच्छे नेता बनने के साथ सामूहिक कार्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अद्भुत मिसाल बनते है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने छात्रों को अपना शुभाशीष देने के साथ छात्रों को इस नव अभियान से जुड़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती पूजा कंबोज ने छात्रों के नाम अपने उद्बोधन में भारत स्काउट्स और गाईड्स के सभी सकारात्मक पक्षों को छात्रों को बताया। निःसंदेह इस प्रयास के लिए समूचा विद्यालय प्रबंधन साधुवाद का पात्र है।

**कार्यक्रम** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर बांटे सम्मान राशि के चेक

*सैनिक पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत : धर्मवीर*

# 20 वीर नारियों और 7 पूर्व अवार्डी सैनिकों को 21-21 हजार रुपये के चैक किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत रणभूमि दर्शन कार्यक्रम के दौरान सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कही गई बात को पूरा करते हुए शनिवार को सैनिक विश्राम गृह कुरुक्षेत्र में वीर नारियों और पूर्व अवार्डी सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 20 वीर नारियों तथा 7 पूर्व अवार्डी सैनिकों को 21-21 हजार रुपये की सम्मान राशि के चेक वितरित किए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सैनिकों का त्याग और बलिदान राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। वीर नारियां और हमारे सैनिक केवल




सम्मान के पात्र ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले इन परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। जिला कुरुक्षेत्र से सम्मानित होने वाली वीर नारियों में हरभजन कौर, सुरजीत कौर, कृष्णा देवी, सुखविंदर कौर, दलजीत कौर, ममता शर्मा, दलजीत कौर, पार्वती देवी, धन्नी देवी, प्रेरणा, पुष्पा देवी, गुरमीत कौर, सतपाल कौर सत्या देवी, सुनीता देवी, सिमरनजीत कौर, सुरक्षा देवी, सुंदरी देवी, गुरजीत कौर और उषा रानी उपस्थित रहीं जबकि पूर्व अवार्डी सैनिकों में कैप्टन रावेल सिंह, सूबेदार भजन सिंह, कर्नल कुलवंत सिंह, हवलदार जसबीर सिंह, नायब सूबेदार श्रवण सिंह, सिपाही बलकार सिंह और हवलदार सुरेंद्र सिंह ने सम्मान राशि के चैक प्राप्त किए। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल ने हाल ही में आयोजित भारत रणभूमि दर्शन कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों और पूर्व अवार्डी सैनिकों को सम्मान राशि के रूप में 21-21 हजार रुपये देने की बात कही थी, जिसे आज साकार करते हुए इस सम्मान राशि के चैक वितरित किए गए।

## सांसद की पहल पर 240 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को दो मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा जिन्दल हाउस, कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद मरीजों का फॉलो-अप किया गया और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। मोबाइल मेडिकल यूनिट में तैनात चिकित्सकों ने कुल 240 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। आज दोनों मोबाइल मेडिकल युनिट में 176 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर परामर्श एवं निःशुल्क दवाईयां दी गई, जबकि 64 मरीजों के रक्त एवं मूत्र परीक्षण किए गए। जांच के उपरांत सभी मरीजों को आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान के तहत यह मोबाइल मेडिकल यूनिट नियमित रूप से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। इस अभियान का उद्धेश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को संतुलित खान-पान, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक करना भी है।



## खबर संक्षेप

### जांच अभियान के दौरान चार वाहन किए जब्त

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर जितेंद्र ढिल्लों के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बोह और बब्याल क्षेत्र में घर-घर जाकर सघन तलाशी ली। अभियान के दौरान थाना क्षेत्र में बाहर से आकर रह रहे लोगों के दस्तावेजों की गहनता से जांच की गई। पुलिस द्वारा मकान मालिकों को सख्त हिदायत दी गई है कि किसी भी व्यक्ति को बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किराए पर न रखें। यदि जांच के दौरान कोई संदिग्ध व्यक्ति पाया जाता है, तो संबंधित मकान मालिक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट और बिना वैध कागजात के तीन मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा को अपने कब्जे में लिया।

### टेंडर दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाला काबू

**अंबाला।** पुलिस ने हाउसकीपिंग टेंडर दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मुख्य आरोपी को उत्तर प्रदेश के नोएडा से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी फैज वारिश है। अंबाला शहर के मॉडल टाउन वासी उल्लास कपूर ने थाना बलदेव नगर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी फैज वारिश, सौरभ शुक्ला और उनके अन्य साथियों ने उसे अपने जाल में फंसाया कि उनकी अच्छी पहुंच है I आरोपियों ने हाउसकीपिंग टेंडर दिलवाने का झांसा देकर 1 मार्च 2023 से 20 अप्रैल 2023 के बीच करीब 5 लाख रुपए की राशि हड़प ली। धोखाधड़ी होने पर परिवादी ने पुलिस को शिकायत दी थी। पुलिस ने 13 जून 2025 को मामला दर्ज किया गया। पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अमन ने बताया कि आरोपी को रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### लूट के मामले में छठा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 की टीम ने मिर्ची पाउडर डालकर चाकू से घायल करके लूट की वारदात को अंजाम देने वाले छठे आरोपी को काबू कर लिया है। अंबाला छावनी के निर्मल विहार के संजीव ने 12 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11 मई 2025 को प्रीत नगर कॉलोनी के पास आरोपियों ने उस पर मिर्ची पाउडर डाला और चाकू मार कर उससे लगभग 4 लाख रूपये लूट कर फरार हो गए है। सीआईए-2 ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए तुरंत तफतीश शुरू की। जांच के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अब पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रोफेसर कॉलोनी के दीपू के रूप में हुई है।

### मोबाइल चोरी मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोसड़का स्थित दुकान से मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता विजय ने 3 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि दोसड़का के पास स्थित दुकान से लगभग 10/12 मोबाइल चोरी हुए है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तत्परता से कार्यवाई आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान विपन वासी मुलाना के रूप में हुई है।

### विधायक देवेंद्र अत्री की कथनी-करनी एक समान

**उचाना।** पूर्व ब्लॉक समिति चेयरपर्सन सतीशा देवी ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है। विधायक जो कहते है वो करते है। विकसित उचाना का जो वायदा उचाना हलके के लोगों से किया था उस वायदे को वो पूरा करने का काम कर रहे है। आज गरीब वर्ग का व्यक्ति विधायक से किसी भी समय मिल कर अपनी समस्या को बात समाधान करवा सकता है। उचाना हलके के लोगों ने वो समय भी देखा है जब यहां से जो विधायक होता था उससे मिलने एवं समस्याओं के समाधान के लिए चंडीगढ़, दिल्ली हजारों रुपए खर्च करके जाना पड़ता था।

# शहीदी स्मारक का जन संपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

*स्मारक के मुख्य द्वार के नजदीक लगे पॉवर ब्लॉक व साइन बॉर्ड*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर करोड़ों रूपए की लागत से बनाए जा रहे शहीदी स्मारक का सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल ने जायजा लिया। आयुक्त ने शहीदी स्मारक में लंबी कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्मारक के मुख्य द्वार के नजदीक बस पार्किंग व्यवस्था की जानकारी लेते हुए यहां पर पॉवर ब्लॉक व साइन बोर्ड लगाने तथा स्मारक के मुख्य द्वार पर स्मारक का नाम डिजिटल प्रक्रिया से अंकित करवाने के साथ-साथ यहां पर आने वाले लोगों के लिए ई-टिकट प्रणाली की व्यवस्था, सिक्योरिटी गार्ड के बैठने , फिक्सिंग की व्यवस्था के साथ फूड कोर्ट की जानकारी ली।

## ई-टिकट प्रणाली व्यवस्था व फूड कोर्ट की जानकारी ली

**आयुक्त ने मेमोरियल टॉवर पर रात के समय 1857 की क्रांति को यहां पर डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से चलने वाली फिल्म को देखा**



अंबाला। शहीदी स्मारक का अवलोकन करते आयुक्त व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### पर्यटकों को ऑनलाइन मिलेगा टिकट

उन्होंने यहां पीएनजी लाइन बिछाने को लेकर भी एजेंसी से पत्राचार करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शहीदी स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी ने स्मारक एजेंडे में रखे बिंदुओं को लेकर आयुक्त को जानकारी दी। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता हरपाल ने आयुक्त एवं सचिव को अवगत करवाया कि सिविल वर्क का अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है। आयुक्त ने यहां पर आने वाले लोगों के लिए टिकट की व्यवस्था के तहत ऑनलाईन ऐप के साथ-साथ वेबसाइट का प्रावाधन करने के साथ म्यूजियम का टाइम निर्धारित करने के साथ ही शहीदी स्मारक के बेहतर रख-रखाव को लेकर भी जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई से जुड़ी जानकारी के दृष्टिगत एलीवेटर गैलरी और यहां पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एवं आजादी से जुड़ी इतिहास एवं गाथाओं का भी बारीकी से जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने म्यूजियम रूम में लाइटिंग एवं सांउड की जो व्यवस्था रहेगी उसकी भी समीक्षा की। आयुक्त ने मेमोरियल टॉवर पर रात के समय 1857 की क्रांति को यहां पर डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से चलने वाली फिल्म को देखा। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजिनियर अरूण जग्गा, शहीदी स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियंता नवीन राठी, अभिमन्यु आदि रहे।

## कर्मचारी खुद सफाई कर दूसरों को भी करें प्रेरित

# एसडीएम ने ऑफिस में सफाई कर चलाया स्वच्छता अभियान

*कार्यालय में स्टाफ ने एसडीएम के साथ लिया अभियान में भाग, विभाग में मौजूद आधुनिक मशीनों के माध्यम से की पूरे परिसर की सफाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी की एसडीएम कनिका गोयल ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय के कर्मचारियों के साथ मिलकर परिसर एवं अन्य स्थानों पर स्वंय सफाई करते हुए स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। सभी कर्मचारियों ने इस सफाई अभियान में आगे आकर पूरा एसडीएम कार्यालय परिसर में सफाई करवाई। इसके बाद यहां से जो भी कूड़ा-कर्कट एवं गंदगी निकली उसे नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा ट्रैक्ट्रर ट्रॉली के माध्यम से ले जाया गया। इस अभियान में नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने एसडीएम कार्यालय के परिसर के बाहर सफाई व्यवस्था के कार्य को बेहतर तरीके से किया। एसडीएम कनिका गोयल ने सुबह प्रातः 7 बजे आकर इस स्वच्छता अभियान का शुंभारभ स्वंय यहां पर सफाई करते हुए शुरू किया। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम कार्यालय का स्टाफ भी शामिल था। उन्होंनें भी एसडीएम के साथ कार्यालय परिसर तथा अन्य कमरों में सफाई की। डस्टिंग के साथ-साथ जो सफाई से संबधित आधुनिक मशीन नगर परिषद के पास उसकी सहायता से भी कार्यालय परिसर में सफाई की गई।



अंबाला। ऑफिस में सफाई अभियान की शुरूआत करती एसडीएम कनिका अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

### प्रेरित किया

एसडीम कनिका गोयल ने इस मौके पर बताया कि स्वच्छता के लिए हमें स्वंय से शुरूआत करनी चाहिए। इसी के तहत उन्होंने से स्टाफ के साथ मिलकर इस कार्य को किया है। उन्होंने खुशी जाहिर की गई स्टाफ ने भी आगे आते सफाई से संबधित कार्य को करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हम स्वच्छता के प्रति सचेत होंगे तो दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकेंगे। उन्होंनें इस अवसर पर स्टाफ को यह भी कहा कि वह अपने कार्यालय की दिनचर्चा के दौरान सफाई व्यवस्था को बेहतर तरीके से बनाए रखें। उन्होंने यह भी कहा कि अपने आस-पास स्वच्छता होने से सकारत्मक ऊर्जा मिलती है तथा जिससे कार्य करने में अच्छा वातावरण मिलता है। मौके पर नायब तहसीलदार आशीष कुमार, रीडर रमेश कुमार, सेनेटरी इंस्पेक्टर गौरव के साथ-साथ एसडीएम कार्यालय व तहसील कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# वीएलडीए कॉलेज में जल्द पूरा होगा लंबित कार्य, पांच करोड़ का टेंडर जारी

- जिले के युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गांव लखनौर साहिब में माता गुजर कौर वीएलडीए (वेटरनरी एंड लाइव स्टाक डिवेलपमेंट असिस्टेंट) कॉलेज का लंबित कार्य जल्द ही पूरा होगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से 5 करोड़ रुपए का वर्कआर्डर जारी कर दिया गया है। इस कॉलेज के पूरा बनने से शहर के साथ प्रदेश में अंबाला को नई पहचान मिलेगी। वहीं जिला के युवा वीएलडीए की डिग्री अपने जिला में रहकर ही पा सकेंगे। जिन्हें इस डिग्री के लिए हिसार या फिर अन्य जगहों तक की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इस पेशे में आने से युवाओं के पास रोजगार के बेहद अवसर रहेंगे। इसको लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह व पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल का आभार जताया। राणा ने कहा कि कॉलेज को पूरा करने के लिए जल्द कार्य शुरू होगा। इस कार्य को शुरू करने के लिए 5 करोड़ रुपये का वर्क आर्डर एजेंसी को जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशों व असीम गोयल के प्रयासों के बाद शुरू हो रहा है।



भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा।

### युवाओं को मिलेगी सौगात

पिछले काफी समय से वीएलडीए कॉलेज का कार्य बंद पड़ा था। अब नए सिरे से एजेंसी को टेंडर जारी किया गया है। इससे पहले यहां चारदीवारी के साथ ही भवन का निर्माण किया गया है। जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा कि वीएलडीए कालेज के लंबित कार्य को इसी वर्ष में पूरा करवा लिया जाएगा। यह आस पास के ग्रामीणों के साथ साथ जिला वासियों के लिए भी सौगात होगी।

### जिला अस्पताल को मिला ढाई करोड़ का पैकेज

**अंबाला।** अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों की सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। मंत्री अनिल विज ने बताया कि अस्पताल की एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला को अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना के तहत अपग्रेड किया जाएगा। इस परियोजना पर करीब अढाई करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे अब मरीजों को कई नई और जटिल जांच सुविधाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। इसके अलावा अस्पताल में अन्य इलाज व जांच की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। मंत्री विज ने बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य आम जनता को माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री जैसी उन्नत जांच सुविधाएं मुहैया कराना है।



अंबाला। मीटिंग के दौरान मौजूद सभा के पदाधिकारी।

### खतौली गेट के पास स्थापित होगा शिवलिंग

**अंबाला।** भगवान श्री परशुराम ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा भगवान परशुराम जयंती को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर भगवान परशुराम गौशाला खतौली गेट में शिवलिंग एवं शिव-परिवार की स्थापना के साथ-साथ मूर्ति स्थापना दिवस समारोह भी आयोजित किया जाएगा। बैठक प्राचीन हनुमान मंदिर में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत महासचिव अशोक कुमार द्वारा गायत्री मंत्र जाप से की गई। बैठक में चेयरमैन राजेंद्र कौशिक , कन्वीनर देवी लाल शर्मा, एडवोकेट मणी कांत शर्मा (कानूनी सलाहकार) सहित अनेक गणमान्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल 2026, रविवार को भगवान परशुराम जयंती, मूर्ति स्थापना दिवस तथा शिवलिंग एवं शिव-परिवार की स्थापना श्रद्धापूर्वक की जाएगी।

## विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने किया जिले के नागरिक अस्पतालों का दौरा

- अंबाला सिटी के नागरिक अस्पताल में किया सभी वार्डों व लैब का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. भवनिष ने शनिवार को अंबाला के नागरिक अस्पतालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया और विशेष रूप से चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव और उनकी कार्यक्षमता की जांच की। खुद उपकरणों की फोटो लेकर डिप्टी डायरेक्टर अपनी रिपोर्ट तैयार करते रहे। निरीक्षण की शुरुआत अंबाला सिटी के नागरिक अस्पताल से हुई। यहां उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों और लैब का दौरा किया। उन्होंने मौके पर मौजूद स्टाफ से मशीनों और उपकरणों की वर्किंग रिपोर्ट मांगी। डॉ. भवनिष ने निर्देश दिए कि अस्पताल में मौजूद हर उपकरण चालू हालत में होना चाहिए ताकि मरीजों को निजी केंद्रों के चक्कर न काटने पड़ें। अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल के बाद डिप्टी डायरेक्टर अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में पहुंचे। यहां उन्होंने व्यवस्थाओं को देखा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर संतोष जताया। इसके पश्चात उन्होंने मुलाना के अस्पताल का भी निरीक्षण किया।

### दुकान में तोड़फोड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज दुकान में तोड़फोड़ कर चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू किया था। सेक्टर 9 के ईशान ने 30 जनवरी 2026 को पुलिस दल को अपनी शिकायत में बताया था कि 29 जनवरी 2026 को पटेल नगर स्थित उसकी दुकान पर आरोपियों ने हमला बोला। आरोपियों ने न केवल दुकान में तोडफोड़ कर चोरी की बल्कि विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने मामले में आरोपी दिलबाग सिंह व तरनबीर सिह को दबोच लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई ट्रेक्टर ट्राली और अन्य सामान बरामद किया।

# राम शंकर ने अंतिम विदाई में भी तोड़ीं बंदिशें

- मरणोपरांत पार्थिव शरीर को चिकित्सा विज्ञान के हवाले करने की वसीयत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हर परिवार में मौत अमूमन सन्नाटा लेकर आती है। मगर अंबाला छावनी के पूजा विहार के राम शंकर इसां की विदाई ने समाज को ठहरकर सोचने पर मजबूर कर दिया। एक निजी अस्पताल में दम तोड़ने वाले 68 वर्षीय राम शंकर की अंतिम यात्रा लीक से बिलकुल जुदा थी। उन्होंने जीते जी जो संकल्प लिया था मृत्यु के बाद उनके परिवार ने उसे एक ऐसी इबारत में तब्दील कर दिया जहां अंधविश्वास पीछे छूट गया और मानवता मुस्कुरा उठी। ब्लॉक प्रेमी सेवक नरेश इसां के अनुसार राम शंकर पिछले तीन दशकों से डेरा सच्चा सौदा के मानवता भलाई कार्यों में अग्रणी रहते थे। परिजनों के मुताबिक जब विदाई की घड़ी आई तो उनकी पत्नी ललिता और बेटों बृजमोहन, नरेश व आशीष ने आंसुओं को रोककर पिता की इसी अंतिम इच्छा को सर्वोपरि रखा। बात सिर्फ देहदान तक ही सीमित नहीं रही। सदियों पुरानी उस रूढ़िवादी परंपरा को भी दरकिनार कर दिया गया जो महिलाओं को श्मशान या अंतिम यात्रा में दूर रखती है।




अंबाला। पार्थिक शरीर को मेडिकल रिसर्च सेंटर के लिए रवाना करते परिजन व प्रेमी।

### शोध में मिलेगी मदद

राम शंकर की देह को पूरे सम्मान के साथ एम्बुलेंस के जरिए रामा रिसर्च मेडिकल कॉलेज, हापुड़, उत्तर प्रदेश भेजा गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार, यह पार्थिव शरीर अब डॉक्टरों की नई पीढ़ी को मानव शरीर की गुत्थियां समझने और शोध करने में मदद करेगा। धार्मिक आस्था से शुरू हुआ एक सफर इस तरह विज्ञान की प्रयोगशाला में जाकर अमर हो गया।

## डीईओ ने नए छात्रों का तिलक लगाकर किया अभिनंदन

# सरकारी स्कूलों में अब पढ़ाया जाएगा ए फॉर एडमिशन

*राजकीय स्कूल अब केवल विकल्प नहीं, गुणवत्ता शिक्षा के मजबूत केंद्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सरकारी स्कूलों में दाखिले को जनअभियान बनाने की दिशा में शिक्षा विभाग ने नया और प्रभावशाली कदम उठाया है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बलदेवनगर में आयोजित प्रवेश उत्सव के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सुधीर कालड़ा ने विद्यालय प्राचार्या वीना और स्कूल स्टॉफ के साथ नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया । उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को स्पष्ट संदेश दिया कि अब ए फॉर एप्पल" नहीं, ए फॉर एडमिशन" बोलना है। इसी तरह बी फॉर बुक, सी फॉर कॉपी और डी फॉर ड्रेस बोलना है। सरकारी स्कूलों की अब यही नई सोच है। डीईओ ने कहा कि सरकारी स्कूल अब केवल विकल्प नहीं बल्कि गुणवत्तापरक शिक्षा का मजबूत केंद्र बन चुके हैं।




अंबाला। स्कूली छात्रों का अभिनंदन करते डीईओ सुधीर कालड़ा।

### हर योग्य विद्यार्थी को मिलेगा दाखिला

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे निजी स्कूलों के भ्रम से बाहर निकलकर सरकारी विद्यालयों की सुविधाओं को समझें और अपने बच्चों का दाखिला यहां कराएं। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में प्रवेश से लेकर किताबें, कॉपियां, ड्रेस और मिड डे मील तक सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। साथ ही हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में पढ़ाई की सुविधा देकर शिक्षा को अधिक सुलभ और प्रतिस्पर्धात्मक बनाया गया है। डीईओ ने कहा कि पीएम श्री और मॉडल संस्कृति स्कूलों के रूप में विद्यालयों को विकसित किया जा रहा है, जहां बड़े, हवादार कक्ष, आधुनिक प्रयोगशालाएं और व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। एनएमएमएस, बुनियाद, सुपर 100 और ज्ञान संस्कार मंच जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा है जिससे सरकारी स्कूलों के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा कर सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षकों को निरंतर प्रशिक्षण देकर आधुनिक शिक्षा पद्धति के अनुरूप तैयार किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। संपर्क फाउंडेशन और विकल्प जैसी संस्थाएं भी इस मिशन में शिक्षा विभाग का सहयोग कर रही हैं। डीईओ ने जोर देकर कहा कि "हर योग्य बच्चे को स्कूल में दाखिला दिलाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## हवन-यज्ञ के साथ शुरू हुआ प्रवेश उत्सव छात्रों को बेहतर प्रदर्शन को किया प्रेरित




**शहजादपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ में प्रधानाचार्य डॉ. नीलम शर्मा द्वारा प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य के साथ स्टाफ सदस्यों ने नए विद्यार्थियों का तिलक करके,फूल माला पहनाकर,मिठाई खिलाकर और चॉकलेट के साथ स्वागत किया। सांस्कृतिक परंपरा को बढ़ावा देते हुए प्रधनाचार्य ने विद्यालय के संस्कृत प्राध्यापक डॉ. मुकेश शर्मा से हवन करवाकर सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया गया। हवन के बाद कन्या पूजन के बाद सभी उपस्थित विद्यार्थियों को हलवा प्रसाद के साथ मिड डे मील में तैयार कढ़ी चावल वितरित किए गए। सभी विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका सभी ने आनंद लिया। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों व अभिभावकों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं जैसे निशुल्क शिक्षा,वर्दी,भोजन , पुस्तकें,बैग, स्टेशनरी व छात्रवृत्ति आदि के बारे में विस्तार से बताया।साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र व अन्य क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जिससे विद्यालय के साथ-साथ जिले का भी नाम रोशन हो।